>

Title: Request to establish a multispeciality hospital in Vadodara and an ESI Hospital in Savli.

श्रीमती रंजनबेन भट्ट (वडोदरा) : **माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर प्रदान किया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहती हूं**

अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय आरोग्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जी से आग्रह है कि मेरे संसदीय मत क्षेत्र वडोदरा में एक मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का निर्माण कराया जाए । इसके साथ ही साथ मैं वडोदरा के सावली विधान सभा में एक ईएसआई हॉस्पिटल की स्वीकृति की मांग करती हूं ।

माननीय अध्यक्ष जी, वडोदरा मध्य गुजरात का एक प्रमुख शहर है । वडोदरा के आसपास के काफी सारे जिलों के नागरिक आरोग्य सुविधा हेतु वडोदरा आते हैं । वडोदरा में सरकार द्वारा संचालित सर सयाजीराव जनरल हॉस्पिटल एवं जीएमईआरएस हॉस्पिटल कार्यरत है, लेकिन दोनों हॉस्पिटलों में आरोग्य संबंधी कई सारी सुविधाओं की आपूर्ति नहीं है । अभी भी काफी सारे आरोग्य संबंधित चिकित्सक जैसे कि किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा वहां नहीं है । वडोदरा और उसके आसपास के सभी जिलों के नागरिकों को अहमदाबाद जाना पड़ता है ।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से यह मांग करती हूं कि मेरे वडोदरा में एक मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का निर्माण कराया जाए । इसके साथ ही वडोदरा शहर का सावली विधान सभा गुजरात का एक बड़ा जीआईडीसी भी है । वहां पर करीब 35,000 **से भी ज्यादा कर्मचारी कार्यरत हैं । उन कर्मचारियों को आरोग्य सुविधा हेतु वडोदरा आना पड़ता**

है । अतः मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह मांग करना चाहती हूं कि सावली को एक ईएसआई हॉस्पिटल की स्वीकृति दी जाए ।